राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक खबरें

जनता की समस्या,हर पल टाइम्स की खबर

HAR PAL TIMES

# हर पल टाइम्स

RNI NO:- MAHHIN/2011/24374

कार्यकारी संपादक : जमील जी. खान

● वर्ष : ०८ ● अंक : १७ ● मुंबई, शुक्रवार, २८ दिसंबर २०१८ से ३ जनवरी २०१९ ● पृष्ठ : ४ ● मूल्य : २/- रुपये

मुंबई, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटका, आंध्रप्रदेश, गुजरात, झारखंड, चेन्नई, कलकत्ता जानेवाला अखबार,(०७४९८५३५२८६आपकी समस्या के लिए इस नंबर पर संपर्क करे)

## मो.मेहमूद निर्विरोध गृहमंत्री चुने गए

### तेलंगाना के होम मिनिस्टर मो. मेहमूद से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ग्रुप के चेयरमैन जमील जी. खान से तेलंगाना की समस्याओं को लेकर खास बातचीत

**संवाददाता**

**हैदराबाद,** जमील जी. खान ने पिछले १५ सालों से जो हैदराबाद और अनेक इलाकों में जो समस्या हो रही है उसको लेकर होम मिनिस्टर मेहमूद साहब से बातचीत की।

होम मिनिस्टर का कहना है कि हमारी सरकार पिछले ५ सालों में तेलंगाना में रही। हमने मुसलमानों के लिए स्कूलें और छोटेमोटे कारोबार और गरीब लड़कियों की शादी पर ज्यादा ध्यान देते हुए कुछ समस्याओं का हल निकाला है। उस वक्त तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मेहमूद साहब ने बहुत सी चीजों पर भी ध्यान दिया।

एडिटर के दूसरे सवाल पूछने पर क्या आपने टाईम से पहले सरकार को निरस्त करने की वजह क्या थी? इस पर उन्होने बताया कि हमने चार साढ़े चार साल में बहुत काम



मो.मेहमूद (गृहमंत्री-तेलंगाना)



जमील जी. खान (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ग्रुप चेयरमैन)

किया और हमें पूरा विश्वास था कि हम सरकार बना लेंगे। हर पल टाईम्स टी.वी. न्यूज के एडिटर ने पूछा कि चार मिनार और अनेक इलाकों में गरीब बस्तियां हैं और गरीब लोग आज भी पैडल रिक्शा ही चला रहे हैं, इस पर आपकी सरकार क्यों ध्यान नहीं दे रही है?

उन्होंने कहा कि हम आने वाले समय में इन गरीबों के मुद्दों को ज्यादा से ज्यादा हल करेंगे और आगे कहा कि हम गरीबों के घर बना रहे हैं, उनके दवाई, पढाई आदि का इंतजाम करेंगे। पिछली सरकार में हमने तेलंगाना सरकार का जो भी फंड था, ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया। इसी दौरान एडिटर के सवाल पूछे जाने पर क्या आपको केंद्र सरकार से मदद मिली थी? इस पर मो. मेहमूद ने बताया कि हमें कोई भी मदद नहीं मिली और हम अपने काम के दम पर जीत कर आए और सरकार बन गई। वक्फ बोर्ड की जो भी जमीन हे उस पर कार्रवाई करके जनता को पूरा पूरा इंसाफ दिलाएंगे। तेलंगाना में अवैध रूप से जो कब्जा है वो हासिल कर लेंगे।

एडिटर के पूछे जाने पर खासतौर से गरीब बच्चों को एजुकेशन नही मिल रहा है? क्या आपकी सरकार पूरा कर पाएंगा? गृहमंत्री मो. मेहमूद ने कहा कि हम पिछले साल से इस दिशा में काम कर रहे हैं, गरीबों को हम तालीम पाने का जरिया बना देंगे। जमील जी खान एडिटर ने होम मिनिस्टर मेहमूद साहब को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैसे हमारी मीडिया ग्रुप पूरे हिंदुस्तान में ज्यादा से ज्यादा गरीबों के लिए काम कर रही है, इसी तरह से हम उम्मीद रखते हैं कि आप गरीबों की समस्या का हल निकाल पाएंगे?





**हरपल टाइम्स और हरपल टीवी न्यूज सीएमडब्ल्यू सीआईएनएन इलेक्ट्रॉनिक ग्रुप के चेयरमैन जमील जी. खान और उनकी पूरी टीम की ओर से हिंदुस्तान की तमाम जनता को शुभकामनाएं**

**आने वाला २०१९ में हम चाहते हैं कि जिस तरह से २०१८ में कई घटनाएं हुई और कई समस्याओं का गरीबों को सामना करना पड़ा। २०१९ में इस तरह से कोई भी दुर्घटना न हो और तमाम जनता की हर समस्या हल हो जाए।**

## नए साल में रेड एलर्ट

**मुंबई :** मुंबई में नए वर्ष के जश्न की रात को नशीला बनाने के लिए गुजरात से लाए गए मादक द्रव्य को कब्जे में लेने के बाद मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल और चौकन्नी हो गई है। इतना ही नहीं नए वर्ष के स्वागत में होनेवाली नशीली रेव पार्टियों पर रेड (छापा) करने के लिए एंटी नारकोटिक्स



सेल के मुखिया ने अपने सभी यूनिट्स को अलर्ट कर दिया है यानी रेड अलर्ट कर दिया है। इसके चलते अब रेव पार्टियों पर न सिर्फ पैनी नजर रखी जाएगी बल्कि हर कोण से वहां मादक पदार्थो की बिक्री न हो इसको लेकर पुलिस अधिकारी पूरी तरह से सतर्कता बरतेंगे। एंटी नारकोटिक्स सेल के सभी यूनिट्स ने उन सभी जगहों की लिस्ट तैयार कर ली है जहां-जहां रेव पार्टियां नशीली होनेवाली हैं।

## गोवंडी के शिवाजी नगर इलाके काफी समस्याओं की ढेर

**संवाददाता**

**मुंबई,** गोवंडी के शिवाजी नगर इलाके में आज भी अवैध रूप से काफी समस्या चल रहे हैं. खास तौर से अति गंभीर स्थिति उत्पन्न करने वाली ट्रॉफिक की समस्या, खड़ी गाड़ियों से पेट्रोल की चोरी होना, आने जाने वालों के हाथों से मोबाईल का चोरी होना, राहगीरों को पैदल चलने की कोई व्यवस्था नहीं मिल रही है। ड्रग्स माफिया दिन पर दिन अपने धंधे में आगे बढ़ रहे हैं, जिससे काफी बच्चे मौत के मुंह में जा रहे हैं। हम शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन से गुजारिश करते हैं कि इस इलाके में ज्यादा से ज्यादा तवज्जो देकर ड्रग्स से मरने वाले बच्चों की मदद करें, ताकि इनके बूढे मां-बाप की शिकायतें दूर हों और उनके बुढापे का सहारा बन सकें, इलाके में चोरी-डकैती की घटनाएं बंद हो सकें।

## संपादकीय...

# ठंड और प्रदूषण

उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है. देश के मध्य और पश्चिमी क्षेत्र के अनेक क्षेत्रों में पारा सामान्य से नीचे है. हालांकि, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान बढ़ने से भारत के बड़े हिस्से में ठंड का मौसम सिकुड़ता जा रहा है, परंतु मौसम की वर्तमान स्थिति कुछ दिनों तक जारी रहने का अनुमान है.

एक तरफ कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी होने और तापमान गिरने से पर्यटन में उछाल आया है तथा फसलों के बेहतर उपज की उम्मीद बंधी है, लेकिन दिल्ली समेत उत्तर भारत में शीतलहर के प्रकोप ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं. इसका बड़ा कारण हवा में प्रदूषण की लगातार बढ़ोतरी है. देश के इस हिस्से में हवा की गुणवत्ता दुनिया में सबसे खराब है और इससे लोगों का स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. ठंड के मौसम में प्रदूषण ने कोहरे की समस्या को गहन कर दिया है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है. प्रदूषित धुंध दिन के तापमान को नीचे रखती है, जिससे ठंड बढ़ जाती है. वैश्विक तापमान बढ़ने से बेहद ठंडी हवाओं का प्रसार औद्योगिक और वाहन उत्सर्जन के साथ मिलकर खतरनाक हो जाता है. बीते दो महीने से दिल्ली में प्रदूषण बहुत बढ़ गया है. अब आपात स्थिति का सामना करने के लिए उद्योगों और निर्माण पर रोक लगाया गया है तथा वाहनों का चालन सीमित करने के उपायों पर विचार हो रहा है. हवा के तेज बहाव ने शीतलहर को गंभीर जरूर बनाया है, पर इससे प्रदूषण में कमी की उम्मीद भी है. लेकिन, उत्तर भारत में उमस का स्तर भी बढ़ा है और यह तेज हवा के असर को कुंद कर सकता है. बहरहाल, यह तो मौसम का चक्र है और ठंड कोई इसी साल नहीं आयी है. लेकिन, सवाल यह है कि जब सरकारों के पास प्रदूषण और शीतलहर के संबंधों के बारे अनेक अध्ययन उपलब्ध हैं, तो समय रहते इससे बचाव की कोशिशें क्यों नहीं होती हैं? यही लापरवाह रवैया बेघरबार और वंचितों को गर्म कपड़े, बिस्तर और रैन बसेरा मुहैया कराने के मामले में भी साल-दर-साल देखा जाता है.

खबरों में बताया जाता है कि ठंड से लोगों की मौत हुई या वे गंभीर रूप से बीमार हो गये. लेकिन, हकीकत तो यह है कि ऐसा मौसम की वजह से नहीं, बल्कि गर्म कपड़े और छत की कमी की वजह से होता है. दिल्ली और उससे सटे इलाके नवंबर की तरह अब तो यह भी शिकायत नहीं कर सकते हैं कि पंजाब और हरियाणा के किसानों द्वारा पराली जलाने से प्रदूषण बढ़ रहा है. वहां के किसान फिलहाल बुवाई के काम में लगे हैं. पर्यावरण का संकट और प्रदूषण से जाड़ा, गर्मी और बरसात के मौसमों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं. ऐसे में तात्कालिक पहलों के साथ ऐसे प्रयासों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जिनसे हम भविष्य के बदलावों के लिए तैयार हो सकें. यदि हम हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे या तुरंता बचाव में लगे रहे, तो कभी शीतलहर, कभी तेज लू और कभी सूखे या बाढ़ से घिरते ही रहेंगे.

# IPS अधिकारी मधुकर शेट्टी का स्वाइन फ्लू से निधन, फर्ज के आगे नेताओं को भी नहीं बख्शा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक कैडर के १९९९ बैच के आईपीएस अधिकारी मधुकर आर शेट्टी का हैदराबाद के कॉन्टिनेंटल अस्पताल में शुक्रवार रात देहांत हो गया। मधुकर स्वाइन फ्लू की बीमारी से पीड़ित थे। बता दें कि अपने काम में ईमानदारी को लेकर मधुकर ने खास पहचान बनाई हुई थी। वे पिछले २ सालों से हैदराबाद में केंद्र के डेप्युटेशन पर पोस्टेड थे। मूल रूप से कर्नाटक के उडुपी के रहने वाले मधुकर शेट्टी ने जेएनयू से पढाई की थी।

**भ्रष्टाचार मामलों में नेताओं को भी नहीं बख्शते थे शेट्टी**

लोकायुक्त रहते हुए शेट्टी ने भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ साथ बड़े नेताओं को भी कार्रवाई से



नहीं बख्शा। लेकिन जब उन्हें लगा कि लोकायुक्त के मुख्य न्यायधीश संतोष हेगड़े भेदभाव करते हैं तो वे पढ़ाई के लिए ५ सालों की छुट्टी पर चले गए और २०१६ में दोबारा ज्वाइन किया। शेट्टी खुलेआम हेगड़े की निंदा करने से भी नहीं चूकते थे। हालांकि कर्नाटक में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में संतोष हेगड़े का नाम भी काफी बड़ा था।

**प्रसिद्ध थी आईएस हर्ष गुप्ता और मधुकर शेट्टी की जोड़ी**

जब मधुकर शेट्टी कर्नाटक के चिकमगलुरु जिले के एसपी थे तब आईएस हर्ष गुप्ता वहां के डिप्टी कमीश्नर थे। दोनों की इस जोड़ी ने जिले में शानदार काम किया और इलाके से सारे अवैध कब्जे हटवा दिए। जिन गांववालों को इस जोड़ी ने न्याय दिलवाया उन्होंने गांव को गुप्ता-शेट्टी हल्ली नाम दिया। बता दें कि कि कर्नाटक की भाषा में हल्ली का मतलब गांव होता है।

**शोक में डूबी राज्य पुलिस**

राज्य पुलिस इतने कर्तव्यनिष्ठ और सत्यनिष्ठ अधिकारी को खोकर पूरी तरह से शोक में है।

एक सप्ताह पहले अस्पताल में भर्ती किए गए मधुकर आर शेट्टी की मौत के समय कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी कुमारास्वामी के कहने पर राज्य के एडीजी क्राइम, प्रताप सिंह रेड्डी अस्पताल में मौजूद थे। साथ ही तेलंगाना के मुख्य सचिव शैलेंद्र कुमार जोशी और डीजीपी महेंद्र रेड्डी भी उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।

# तेलंगाना डीजीपी ने शहरी नक्सलवाद को नियंत्रित करने की जरूरत पर बल दिया

**हैदराबाद,** तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एम महेंद्र रेड्डी ने रविवार को कहा कि राज्य की पुलिस माओवादियों की मदद करने वालों से सख्ती से निपटेगी। साथ ही उन्होंने ''शहरी नक्सलवाद'' को नियंत्रित करने की जरूरत पर जोर दिया। वार्षिक संवाददाता सम्मलेन में यहां उन्होंने कहा, 'हम बहुत दृढ़ता से यह मानते हैं कि माओवादियों के भूमिगत काडर को नियंत्रित करने के लिए शहरी नक्सलवाद पर लगाम लगाना जरूरी है। तेलंगाना पुलिस माओवादियों की मदद करने वालों के खिलाफ बहुत सख्ती से पेश आएगी।' पुणे पुलिस द्वारा लेखक एवं कवि वरवर राव की हैदराबाद से गिरफ्तारी को लेकर पूछे हुए एक सवाल पर रेड्डी ने कहा कि वह घटना महाराष्ट्र में हुई थी। एलगार परिषद मामले में माओवादियों से कथित तौर पर संबंध रखने के लिए राव को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा, 'अगर यहां ऐसी ही घटना हुई होती तो हम उनके खिलाफ कार्रवाई करते।'

# बकरी के बच्चे को हर रोज अपना दूध पिलाती है कुतिया

**चेन्नै,** तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले का एक विडियो सोशल मीडिया पर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस खास विडियो में एक कुतिया बकरी के बच्चे को अपना दूध पिलाते दिख रही है। पुडुकोट्टई के स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस बकरी बच्चे को कुतिया हर रोज अपना दूध पिलाती है, उसकी बीते दिनों यहां गाजा तूफान के दौरान हुई तबाही में मौत हो गई थी।



स्थानीय लोगों के अनुसार, गांव के रहने वाले दुरईस्वामी इन दोनों पशुओं का पालन-पोषण करते हैं और हर रोज कुतिया ऐसे ही अपने बच्चों को दूध पिलाया करती है। दुरईस्वामी के मुताबिक, जन्म के चार दिन बाद मां की मौत हो जाने के बाद से ही यह नन्हा जानवर कुतिया के साथ रहता है। दुरईस्वामी का कहना है कि शुरुआत में तो वह बकरी के बच्चे को कुतिया के साथ छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे, लेकिन जब उन्होंने दोनों के बीच यह अनोखा रिश्ता देखा तो वह भी इससे आश्चर्य में पड़ गए।

**कानपुर में भी दिखा था ऐसा ही नजारा**

बता दें कि तमिलनाडु के इस विडियो से पहले यूपी के कानपुर जिले में भी एक ऐसा ही नजारा देखने को मिला था। कुछ महीनों पहले कानपुर में भी एक कुतिया द्वारा अपने बच्चों के साथ एक बकरी के बच्चे को दूध पिलाने का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कानपुर का यह विडियो यहां के तिवारीपुर गांव में शूट किया गया था, जिसके सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तमाम लोगों ने आम इंसानों को भी इससे सीखने की नसीहत दी थी।

# अस्पताल की आग में बच्ची खोने वाले कपल को मिला १० लाख मुआवजा

**मुंबई,** मुंबई के अंधेरी में मरोल स्थित ईएसआईसी कामगार अस्पताल की आग में विरार कपल ने अपनी बच्ची गवां दी थी। विभाग ने बच्ची के माता-पिता को दस लाख की जगह दो लाख रुपये मुआवजा दिया था। अधिकारियों ने उनसे कहा था कि बच्ची वैसे भी मर ही रही थी। यह मामला मीडिया में आने के बाद विभाग ने अपनी भूल मानी और बच्ची के माता-पिता को दस लाख रुपये का चेक सौंपा। मरोल अस्पताल में यह आग १७ दिसंबर को लगी थी। यहां पर विरार के कपल अनिल और ललिता के जुड़वां बच्चे भी भर्ती थी। वेंटिलेटर पर रखी बच्ची को लगभग ४५ मिनट तक बिना वेंटिलेटर के रखा गया। आरोप है कि इसके चलते बच्ची की मौत हो गई थी। हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को विभाग ने दस-दस लाख रुपये मुआवजा दिया जबकि बच्ची के माता-पिता को सिर्फ दो लाख का चेक यह कहते हुए दिया गया कि बच्ची पहले से ही मर रही थी। ESIC के ऐडिशनल कमिश्नर संजय कुमार सिन्हा ने सफाई देते हुए कहा कि जब चेक तैयार किए जा रहे थे तब बच्ची घायल थी। उसकी मौत के सूचना विभाग को नहीं दी गई थी इसलिए बच्ची के परिजनों को घायल के मुआवजे वाला चेक दिया गया। विभाग ने भूल सुधार ली है और बच्ची के परिजनों के लिए दस लाख रुपये का चेक तैयार कर लिया गया है। अनिल और ललिता ने बताया कि उनकी बच्ची की मौत २२ दिसंबर को हुई थी उन्हें आश्चर्य है कि २५ दिसंबर की लिस्ट में उसका नाम घायलों में ही



था। हालांकि बच्ची के माता-पिता ने कहा कि अधिकारियों ने उन्हें दो लाख मुआवजा देकर उसी में संतुष्ट होने को कहा था। संजय कुमार ने कहा, 'जब एक बार मुआवजे की घोषणा हो जाती है तो हर पीड़ित को निर्धारित मुआवजा दिया जाता है। उसे कोई नहीं काट सकता है। मुआवजा देने की एक प्रक्रिया होती है जो हमें फॉलो करनी पड़ती है। सामान्यता हमें तहसीलदार के दफ्तर से लिस्ट मिलती है। हम उस लिस्ट की डिटेल अस्पताल की डिटेल के साथ चेक करते हैं। क्योंकि हम मुआवजा बांटने में देरी नहीं करना चाहते थे इसलिए हमें तहसीलदार से जो लिस्ट मिली हमने उसी के आधार पर मुआवजा बांटा। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि ११ मृतकों में से आठ पीड़ित परिवारों को मुआवजे का चेक दिया गया है। बाकी की जो तीन मौतें बाद में हुईं इसलिए उन्हें मुआवजा नहीं मिला है।' बच्ची का जन्म 'एंग्ग हॉस्पिटल में १४ दिसंबर को हुआ था। जन्म के समय बच्ची का वजन ८०० ग्राम था जबकि उसके जुड़वां भाई का वजन १.५ किलो था। तीन दिन अस्पताल के एनआईसीयू में रहने के बाद बच्ची का वजन घटकर ६५० ग्राम हो गया। बच्ची की मां ने कहा, 'एंग्ग के डॉक्टरों ने हमें उस समय कहा था कि कई मामलों में ५०० से ६०० ग्राम बच्चों की जान बचाई जा चुकी है इसलिए उनकी बच्ची की जान एनआईसीयू में अच्छे इलाज से बचाई जा सकती है।' अस्पताल में आग लगने के बाद उनकी बेटी को वेंटिलेटर से हटा दिया गया। उसे एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान लगभग ४५ से ६० मिनट तक वह वेंटिलेटर से दूर रही। ललिता ने बताया कि शादी के छह साल बाद आईवीएफ के जरिए उसने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था।

# लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी का दामन छोड़ सकते हैं एकनाथ खड़से

**मुंबई,** राज्य में बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री एकनाथ खड़से ने भाजपा छोड़ने के संकेत दिए हैं। जमीन घोटाले के आरोपों के बाद राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद पार्टी में हाशिए पर फेंक दिए गए खडसे ने बुधवार को कहा, 'कोई भी एक ही पार्टी का ठप्पा लगाकर जीवन भर वहां नहीं रह सकता। राजनीति में किसी को भी हलके में नहीं लेना चाहिए।' खड़से ने कहा कि सही वक्त आने पर अन्याय का विरोध किया जाना चाहिए, तभी सामने वाले को व्यक्ति की ताकत का अहसास होता है। खड़से के साथ कार्यक्रम में शिरकत कर रहे कांग्रेस के नेता उल्लास पाटील ने खड़से को कांग्रेस में शामिल होने का न्योता भी दे डाला।

बता दें कि खड़से का यह बयान ऐसे समय में आया है जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) दावा कर रही है कि भाजपा के कई नेता पार्टी छोड़ने के मूड में हैं और लोकसभा चुनाव का ऐलान होते ही भाजपा छोड़ सकते हैं।

# 'ठाकरे' फिल्म को लेकर शिवसेना और सेंसर बोर्ड में ठनी

**मुंबई,** आइमेक्स थिएटर में बुधवार को बड़े गाजे-बाजे के साथ दिवंगत शिवसेना प्रमुख बालसाहेब ठाकरे के जीवन पर बनी फिल्म 'ठाकरे' का ट्रेलर लॉन्च हुआ। फिल्म हिंदी और मराठी दो भाषाओं में २५ जनवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म में ठाकरे की भूमिका निभाने वाले अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ उनकी पत्नी की भूमिका निभाने वाली अमृता राव, फिल्म के निर्देशक अभिजीत पेंडसे, फिल्म के लेखक-निर्माता और शिवसेना



सांसद संजय राउत और शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे भी उपस्थित थीं। बालासाहेब ठाकरे पर बनी यह फिल्म उस वक्त से ही चर्चा में रही है, जब नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने इसका फर्स्ट लुक जारी किया था। उसके बाद फिल्म के सेंसर बोर्ड के निशाने पर आने की खबरें आईं हैं। सेंसर बोर्ड ने फिल्म के तीन डायलॉग पर आपत्ति जताकर उन्हें काटने को कहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इन तीन में से दो संवाद दक्षिण भारतीयों के संबंध में कहे गए हैं, जबकि एक अयोध्या के विवादित ढांचे (बाबरी मस्जिद) से जुड़ा है।

संजय राउत सेंसर बोर्ड से दो-दो हाथ करने के मूड में हैं और उन्होंने ये संवाद हटाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, कोई भी फिल्म पर प्रतिबंध नहीं लगा सकता। यह बालासाहेब ठाकरे की कहानी है। कैसे कोई उसे रोक सकता है? बालासाहेब ने अपने समय में कई लोगों पर प्रतिबंध लगाया। क्या आपलोग इसे भूल गए? कैसे सीबीएफसी यह निर्णय कर सकती है कि बालासाहेब की जिंदगी में क्या सही था या क्या गलत था? केवल परिवार के लोग यह जानते हैं। राउत ने कहा, 'मैं निश्चिंत हूं कि सेंसर बोर्ड बालासाहेब के दृष्टिकोण को समझेगा। वे समय लेंगे, लेकिन वे समझ जाएंगे।'

# मुंबई में धरती चीर कर निकली टनल बोरिंग मशीन

**मुंबई,** मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के लिए बुधवार का दिन एक खुशी का मौका लाया, जब मेट्रो-३ कॉरिडोर के अंतिम स्टेशन सीप्ज पर टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) आर-पार निकल गई। यह कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो कॉरिडोर है और इस साल में यह दूसरा मौका होगा जब टीबीएम द्वारा सुरंग बनाने का कोई हिस्सा पूरा कर लिया गया हो। इससे पहले २३ अगस्त २०१८ को वैनगंगा-२ नाम की टीबीएम अंधेरी के सारीपुत नगर लॉन्चिंग शाफ्ट से रवाना की गई थी। १२५ दिनों में ५६८ मीटर सुरंग का काम करने के बाद बुधवार को यह मशीन बाहर निकली। ३३.५ किमी के मेट्रो-३



कॉरिडोर में से सुरंग का ये सबसे छोटा हिस्सा था। सुरंग के इस हिस्से को खोदने में तकरीबन २५० इंजिनियर्स, टेक्निशियन और कर्मचारी लगे थे। सुरंग निर्माण के दौरान मशीन को कठोर चट्टानों के बीच से गुजरना था।

रोजाना खर्च हो रहे हैं ४ करोड़

२५ हजार करोड़ के मेट्रो-३ प्रोजेक्ट के लिए रोजाना तकरीबन ४ करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। इसमें से अधिकांश हिस्सा १७ टीबीएम मशीनों के किराये में चला जाता है। ९२ मीटर लंबी वैनगंगा-२ टीबीएम द्वारा रोजाना औसतन ४.५ मीटर की सुरंग बनाई गई। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा अब तक लगभग १५ किमी सुरंग की खुदाई हो गई है, जबकि कॉर्पोरेशन को करीबन ५२ किमी सुरंग का काम करना है। ये लंबाई कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज कॉरिडोर के ३३.५ हिस्से के दोनों दिशाओं (अप और डाउन) को मिलाकर बताई गई है।

कॉरिडोर से जुड़ेगा मुंबई एयरपोर्ट

मेट्रो-३ कॉरिडोर से भविष्य में छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनैशनल एयरपोर्ट-२ भी जुड़ने जा रहा है। इस दौरान मरोल नाका स्टेशन पर मेट्रो-३ और मेट्रो-१ का मिलन होगा। इसी तरह से आरे स्टेशन में मेट्रो-६ और मेट्रो-३ का मिलन होगा। मुंबई का यह हिस्सा अब तक लोकल ट्रेनों की सेवाओं से बहुत दूर था, लेकिन मेट्रो की कनेक्टिविटी हो जाने से अब इस इलाके के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिल सकेगी।

# अख्तरूनिशा तालुका अध्यक्ष नियुक्त



अख्तरूनिशा मैडम को मानखुर्द-शिवाजी नगर तालुका अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर नियुक्ति पत्र देते हुए डिसोजा मैडम (ऑल इंडिया महिला जनरल सेक्रेटरी), कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता जावेद खान, मनीषा सुर्यवंशी महिला जिला अध्यक्षा.



**जमील जी. खान**
**चीफ एडिटर**

**इस नियुक्ति पर हरपल टाईम्स व हरपल टीवी न्यूज की तरफ से बहुत बहुत मुबारकबाद.. उम्मीद करते हैं अख्तरूनिशा गरीबो की समस्या हल करने में सहयोग करें...**

# मैं १०० पर्सेंट ईमानदार नहीं हूं : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु :** राजनीति में ऐसा कम ही होता है कि कोई यह माने कि वह ईमानदार नहीं है और चुनाव लड़ने के लिए पैसा लेते हैं। यही वजह है कि कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के बयान ने सबको चौंका दिया है। उन्होंने कहा कि यह खुद से झूठ बोलने की तरह होगा अगर मैं यह कह दूं कि मैं सौ फीसदी ईमानदार हूं। यह सच है कि आज राजनीति में आपको पैसा और बाहुबल की जूरत पड़ती है। मैंने भी थोड़ा बहुत समझौता किया है। बेशक सीएम ने किसी नई बात का खुलासा नहीं किया है पर खुलेतौर पर इस तरह सचाई कबूलकर उन्होंने खूब तालियां बटोरीं। राष्ट्रीय



नवनिर्माण वेदिक के एक कार्यक्रम में उन्होंने माना कि राजनीति का स्तर काफी गिरा है। पूर्व मुख्यमंत्री रामकृष्ण हेगड़े के दौर और आज की राजनीति में बहुत फर्क आ चुका है। सिद्धारमैया हेगड़े की कैबिनेट में रह चुके हैं।

# युवक ने मुंह दबाकर की मानसिक रूप से बीमार मां की हत्या, फिर कर ली खुदकुशी

**चेन्नै,** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नै में एक २२ वर्षीय युवक ने शनिवार शाम मानसिक रूप से बीमार अपनी मां की हत्या कर दी। विग्नेश्वरम नाम के उक्त युवक ने पहले मां को मौत के घाट उतारा और फिर घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी पड़ोसियों को उस वक्त हुई, जब विग्नेश्वर का दोस्त अरुण शनिवार शाम उसके घर पहुंचा। जानकारी के अनुसार, २२ साल का विग्नेश्वरम यहां एक प्राइवेट कंपनी के लिए फूड डिलिवरी का काम करता था और बीते काफी वक्त से डिप्रेशन में था। परिजनों के अनुसार विग्नेश्वरम की मां सुंदरावली लंबे समय से मानसिक रोग से ग्रसित थीं और बेटे के साथ यहां पर थॉमस रोड स्थित अपने घर में रहा करती थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इसी इलाके में विग्नेश्वरम और सुंदरावली अंतिम बार शनिवार को इवनिंग वॉक करते दिखे थे। इसके बाद रात करीब साढ़े १० बजे विग्नेश्वरम का दोस्त अरुण उससे मिलने पहुंचा, जहां घर के भीतर का नजारा देख उसके होश उड़ गए।

**दोस्त ने पड़ोसियों को दी मामले की जानकारी**

अरुण के मुताबिक, घर पहुंचने पर विग्नेश्वरम का शव पंखे से लटका हुआ दिखा और उसकी मां सुंदरावली मृत अवस्था में बिस्तर पर पड़ी मिली। इसके बाद अरुण ने तत्काल पड़ोसियों को इस पूरे मामले की जानकारी दी, जिन्होंने पुलिस को घटना के बारे में सूचित किया। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

**तकिये से मुंह दबाकर की मां की हत्या**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, विग्नेश्वरम ने तकिये से अपनी मां का मुंह दबाकर उसकी हत्या क्र दी।

# राजनीतिक फायदे के लिए देश को गुमराह कर रहे हैं मोदी : कुमारस्वामी

**बेंगलुरु,** कर्नाटक के मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने राज्य की (कर्नाटक की) किसान कर्जमाफी योजना को ''क्रूर मजाकों में से एक'' बताने पर पलटवार करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर ''राजनीतिक फायदे'' के लिए देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है।कृषि ऋण माफी योजना के क्रियान्वयन के लिए जद (एस)-कांग्रेस गठबंधन सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने दावा किया अभी तक ६०,००० किसानों को इससे (योजना से) फायदा पहुंचा है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी किए गए एक बयान में कुमारस्वामी को यह कहते हुए उद्धृत किया गया,''यह बेहद दुखद है कि वह (मोदी) इसे किसानों के साथ एक क्रूर मजाक की तरह देखते हैं, योजना के बारे में पूर्ण तथ्य जाने बिना वह देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं।'' मोदी ने शुक्रवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था ''कर्जमाफी के नाम पर उन्होंने जो किया वह इतिहास में सबसे क्रूर मजाकों में से एक के तौर पर दर्ज होगा। सत्ता में आने के छह महीने बाद खबरें आयी है कि केवल कुछ ही किसानों को इस कर्जमाफी योजना से लाभ होगा।'' मोदी ने कहा , ''किसानों के लिए इन लोगों ने जो किया है, देशभर में घूम-घूमकर इसका श्रेय वे ले रहे हैं। क्या वे कर्नाटक में किसानों की खुदकुशी का भी दोष अपने सिर लेंगे ?'' कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली सरकार ने सत्ता में आने के कुछ समय बाद ही जुलाई में ४५,००० करोड़ रुपए की किसान कर्जमाफी योजना की घोषणा की थी। लेकिन बैंक


सहारा ट्रावेल्स व बॉम्बे गुजरात रोडवेज के मालिक मुश्ताक साहब और कुदरत साहब की ओर से...
नववर्ष २०१९ की सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद



Travel once you love forever

सहारा के साथ सुहाना सफर

SAHARA TRAVELS

Head Office: 6-1-1082/B/I, Hotel Krishna Complex, Lakdi Ka Pul, Hyderabad-04.
Contact No's: 040-23298483, 66745786 65138483
Call on: 9396669999 Email: saharatravels@gmail.com
Online Booking www.saharabus.com
Branches: Afzal Gunj Hyd: 65979786, 9391830030 Aghapura Hyd:040- 32906111, (FAX):040-24801333 Prashanti Nagar: 9393346631 Balanagar: 9391830014 - 14 Mumbai Market V T: 9323034780 Sion: 24044222, 93228 Vashi: 9323034783, 27832803-04 Pune: 40026506, 32334555 Bangalore: 080-40927105-6 Indore:9926426935,09303355337

आपका सामान जिम्मेदारी और हिफाजत के साथ पहुंचाया जायेगा

BOMBAY GUJRAT ROADWAYS
A DIVISION OF MUSHTAQ TRANSPORT PVT. LTD.



Express parcel courier service by VOLVO Buses 24x7 hours
Head Office : 11-1-294/B &C, Aghapura, Hyderabad.500001
Contact No's: 040-24800273,24800785 (FAX):040-24801333
Email : bgr_hyd@yahoo.co.in
BRANCHES: Secunderabad : 9346243111, 9393346631
Prashanti Nagar : 9391830014 Balanagar 040-65993831
Bombay Sion: 9322871960 Vashi: 02232466708, 0932303483
Vapi: 9377890785 Bhiwandi: 9323034783.



**हरपल टाईम्स व हरपल टीवी न्यूज**

क्राईम द मोस्ट वांटेड व क्राईम इंव्हेस्टिगेशन न्यूज देश के सभी जगहों पर हमारी खास न्यूज बतायी जा रही है अगर आपको, मोबाईल और लेपटॉप, पर देखनी हो तो www.harpaltvnews.com टाइप करके देखिये या crimeinvestigationharpaltv.com टाईप करके सभी खबरें देख सकते हैं, अगर आपको हमसे संपर्क करना है तो हमारा नंबर है ७४९८५३५२८६ अगर आपको खबर भेजना है तो ईमेल करें : Email-harpaltimes.press@gmail.com

**कम से कम फीस में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया की ट्रेनिंग दी जा रही है..**
संपर्क करें : ७०२१४२५४४२



मालक, मुद्रक, प्रकाशक वसीम जे. खान ने शिरनाजी प्रिंट, एम.एल.कॅम्प, चेंबूर, मुंबई -४०००८९ से छपवाकर, प्लॉट नं. २५ डी/१. शिवाजी नगर, गोवंडी, मुंबई - ४०००४३ से प्रकाशित किया। संपादकः वसीम जे. खान. RNI NO:- MAHHIN/2011/24374 .
Email--harpaltimes.press@gmail.com 074985 35286 (सभी विवाद निपटारे के लिए न्यायक्षेत्र मुंबई,महाराष्ट्र होगा।)